卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 146 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦5 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## अमृतसर के लिए ट्रेन का संचालन शुरू

### केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दिखाई हरी झण्डी



लालकुआं( उद संवाददाता)। नैनीताल लोकसभा सीट से सांसद एवं केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित लालकुआं से अमृतसर चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15016 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व श्री भट्ट का यहां पहुंचने पर आम जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत( शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा में दर्जनों लोग भाजपा में शामिल

किच्छा( उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट का मंगलवार किच्छा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत



किया। इस दौरान ल्पसंख्यक समुदाय के दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। इसके उपरांत ग्राम सिरौली में अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया गया। डीडी चौक एवं अंबेडकर चौक पर भी भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में जन समुदाय को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 में पुनः एक सशक्त सरकार का गठन होगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने आगे 5 वर्षों के लिए गरीब जनता को मुफ्त राशन बांटने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड ही एकमात्र ऐसा स्थान है जहां दो एम्स बनाए गए हैं जिसमें किच्छा का एम्स सबसे सुंदर और सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने सुशीला तिवारी चिकित्सालय में (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर में धावा बोलकर जेवर, नगदी समेत लाखों का माल चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर



पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नं. 3 ए ब्लाक ट्रांजिट कैम्प निवासी विवाशा शाहा पत्नी विराज शाहा ने बताया कि उनके एक ही गली में दो मकान आमने-सामने हैं। सोमवार को रात्रि लगभग 10 बजे वह अपने एक मकान में बाहर से लाला लगाकर दूसरे मकान में सोने चली गई। मंगलवार सुबह बजे जब वह मकान में गयी तो पता चला कि मकान (शेष पृष्ठ सात पर)

## न्याय के लिए गरजे सिख समाज के लोग

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब की संपत्तियों पर अवैध कब्जा एवं निर्वाचित पदाधिकारियों पर साजिशन मुकदमे दर्ज कराये जाने के विरोध में सिख समाज ने आवास विकास स्थित गुरूद्वारा में सभा की और सभा के पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने मामले में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाये और न्याय नहीं मिलने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की गयी। बड़ी संख्या में सिख



समाज के लोग मंगलवार को आवास विकास गुरूद्वारा में एकत्र हुए। सिख समाज के लोगों ने कहा कि ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की संपत्तियों को नियम विरूद्ध तरसेम सिंह ने निजी ट्रस्ट बनाकर कब्जा कर लिया। यही नहीं अपने राजनैथ्तक सम्बंधों के प्रभाव के बल पर अपने ईशारों पर चलने वाले कर्मचारियों से कमेटी के पदाधिकारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज करवा दिये। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि तरसेम सिंह लगातार अपने निजी स्वार्थों के चलते गुरूद्वारा को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे हैं। झूठे मुकदमों के सम्बंध में पीड़ित पक्ष लगातार उच्चाधिकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## कालोनी में भ्रूण मिलने से हड़कम्प

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी के खाली मैदान में भ्रूण मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद भ्रूण को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को कोतवाल धीरेन्द्र कुमार को सूचना मिली कि क्षेत्र की एक कालोनी में खाली पड़े मैदान में भ्रूण पड़ा है। भ्रूण मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

## बीस हजार का ईनामी दिल्ली में दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसओजी और पंतनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे बीस हजार के ईनामी शातिर को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने बताया कि छततरपुर निवासी हरीश सिंह मेहता पुत्र विशन सिंह ने 1 फरवरी 2023 को थाना पंतनगर में तहरीर देकर कहा था कि उनके घर के बाहर से उनके सोनालिका ट्रैक्टर संख्या यूके 06बीडी 6486 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। जिस पर मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के



खुलासे के लिए गठित टीम ने छानबीन में पता लगाया गया कि ट्रैक्टर चोरी की घटना को मनदीप सिंह पुत्र जसविन्दर सिंह निवासी धर्मपुर रुद्रपुर, महेश सिंह कोरंगा पुत्र भवान सिंह निवासी उकरौली थाना सितारगंज, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा पुत्र विरसा सिंह निवासी ग्राम टामेरा विलास पुर और महेश पुत्र लाल चंद निवासी लक्ष्मण नगर निकट इंटर कालेज थाना हजारा जिला पीलीभीत ने अंजाम दिया है। मामले में पुलिस 12फरवरी 2023 को मनदीप सिंह, महेश सिंह कोरंगा, सुखदेव सिंह को चोरी के ट्रैक्टर के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांवरियों के लिए सुरक्षा के हों कड़े इंतजाम

### पूर्व विधायक ठुकराल ने डीएम और एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांवर यात्रा के दौरान कांवरियों की सुरक्षा को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक एवं ध ार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व विध ायक ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद उधम सिंह नगर से हजारों शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल व कावड़ यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। पिछले वर्षों में हरिद्वार से कावड़ लाने वाले श्रद्धालु कावड़ियों के ऊपर कुछ उपद्रवियों व असामाजिक तत्वों द्वारा हमला व कटाक्ष करने व उनपर आपत्ति जनक वस्तुएँ फैंकने के मामले सामने आ चुके हैं। जिससे समाज का वातावरण अशान्त व दूषित होता है। उन्होंने उध मसिंहनगर जिले में कावड़ियों की सुरक्षा के लिए व्यापक पुलिस बल तैनात होना आवश्यक है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'लड्डू' तो 'आपने' भी 'बांटे थे' हुजूर!

### नजूल भूमि पर मालिकाना हक सामूहिक प्रयास का नतीजा, सच स्वीकारने में हिचक क्यों ? आखिर सह अस्तित्व भी कोई चीज होती है साहिब

-अर्श-

रूद्रपुर। औद्योगिक नगरी रुद्रपुर के उन गरीबों, जो नजूल भूमि पर जैसे-तैसे सर छुपाने का जुगाड़ करके कभी भी उजाड़ दिए जाने के खौफ में जिंदगी बसर करने को मजबूर थे, के लिए यह बड़ी राहत की बात है कि रुद्रपुर के तमाम राजनेताओं के अब तक के सामूहिक प्रयास और वर्तमान सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी की प्रतिबद्धता तथा वर्तमान जिला अधिकारी की लक्षित सक्रियता का प्रतिफल, नगर की नजूल भूमि पर अरसे से काबिज तकरीबन 2600 लोगों को मालिकाना हक का प्रमाण पत्र प्राप्त होने के रूप में सामने आ रहा है। देखा जाए तो नजूल भूमि पर मालिकाना हक प्राप्त होने की यह उपलब्धि कोई साल-दो-साल के प्रयत्नों का नतीजा नहीं है ,अपितु इसके लिए तकरीबन दो दशक से सक्रिय राजनीतिक प्रयास किए जाते रहे हैं। याद दिलाना होगा कि नजूल भूमि पर बसे गरीबों को मालिकाना हक दिए जाने की मांग तत्कालीन विधायक रुद्रपुर विध ायक तिलक राज बेहड़ भी अपने कार्यकाल में काफी जोर-शोर से करते रहे हैं ।कालांतर में रुद्रपुर विधानसभा सीट पर निर्वाचित हुए राजकुमार ठकुराल भी अपने दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान शहर के गरीबों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाए जाने के लिए कठिन संघर्ष करते रहे और तो और, राजकुमार ठकुराल ने तो इस मसले पर संघर्ष के साथ-साथ मुख्यमंत्री एवं अन्य



मंत्रियों से अनुनय विनय करने तक में कोई गुरेज नहीं किया इसके अलावा उन्होंने नई नजूल नीति ना घोषित होने दशा में विध ानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान भी कर दिया था। नजूल भूमि पर मालिकाना हक पाने की आस में टकटकी लगाए बैठा रुद्रपुर का गरीब 12 अप्रैल 2021 का वह दिन शायद ही भूल पाया होगा, जब तत्कालीन रुद्रपुर विध ायक राजकुमार ठकुराल नगरीय प्रशासन मंत्री बंशीधर भगत के सामने इस मसले के निदान के लिए लगभग नतमस्तक हो गए थे। इसके अलावा भी पूर्व विधायक द्वारा नजूल भूमि पर मालिकाना हक का मसला विधानसभा में समय-समय पर उठाया जाता रहा। इस संबंध में 31 अगस्त 2021 को विधानसभा की कार्यवाही विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिसमें भाग लेते हुए, उनके द्वारा सरकार से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी के साथ-साथ इस आशय का एक आवेदन पत्र दाखिल करने की गुजारिश भी की गई थी, जिससे सरकार को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के समक्ष नजूल भूमि के संबंध में पैरवी करने का अधिकार मिल सके। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह भी पूरे पांच साल इस मसले का समाधान करने के लिए तत्पर रहे। उन्होंने चुनाव के दौरान सकंल्प लिया था कि नजूल भूमि की समस्या का समाधान नहीं होने तक कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। जिसके चलते पूरे साढ़े चार साल वह कुर्सी पर नहीं बैठे। बावजूद इसके रुद्रपुर के वर्तमान विधायक का यह प्रतिस्थापित करने का प्रयास की 6 मार्च को प्रस्तावित नजूल भूमि पर मालिकाना हक के प्रमाण पत्र का वितरण, केवल और केवल उन्हीं के भागीरथी प्रयासों का नतीजा है तथा उनसे पूर्व के (शेष पृष्ठ सात पर)

# देवभूमि में 'दंगाईयों' की खैर नहीं, अब 'वसूली' करेगी सरकार

## धामी कैबिनेट ने उत्तराखंड में कठोर 'दंगा रोधी' कानून पर लगाई मुहर, राज्यपाल को भेजा अध्यादेश

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने दंगारोधी यानी दंगे के दौरान होने वाले संपूर्ण नुकसान की भरपाई को, देश के सबसे कठोर (अध्यादेश) कानून को मंजूरी दी है। इस कानून के तहत अब निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर दंगाइयों से क्षति की पूरी वसूली की जाएगी। सोमवार को मंत्रिमंडल ने इस कानून को मंजूरी देकर राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेज दिया है। इसमें 8 लाख रूपए तक का बड़ा जुर्माना और दंगा नियंत्रण में सरकारी अमले और अन्य कार्य पर आने वाले खर्चे की भरपाई भी की जाएगी। दंगाइयों से सख्ती से निपटने को सरकार ने विधिवत दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) गठित करने को भी मंजूरी दी है। इसके लिए एडीएम श्रेणी के अधिकारी को दावा आयुक्त एवं दावा अधिकरण में रिटायर्ड जज के अलावा अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। देवभूमि में दंगे, फसाद या अशांति फैलाने वाले पर नकेल कसने के लिए धामी सरकार दंगारोधी कानून के तहत सरकारी और निजी चल या अचल संपत्ति के नुकसान की ही भरपाई नहीं करेगी, बल्कि दंगा-फसाद पर काबू पाने के लिए सरकारी मशीनरी का जो खर्च होगा, वह भी दंगाइयों से वसूला जाएगा। कानून के तहत गठित होने वाले दावा अधिकरण (ट्रिब्यूनल) ने एक बार फैसला सुना दिया तो उसके खिलाफ न कोई अपील हो सकेगी न सुनवाई। अधिकरण का फैसला अंतिम होगा। उसके आदेश के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं हो सकेगी। जहां दावा अधिकरण गठित हो जाएगा, वहां किसी सिविल न्यायालय को प्रतिकर के किसी दावे से संबंधित किसी प्रश्न को अंगीकृत नहीं कर सकेगा। दंगाइयों और उपद्रवियों को सबक सिखाने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्य में यह कानून लागू है। लेकिन उत्तराखंड सरकार का कानून इन दोनों राज्यों से सख्त बताया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में दंगा-फसाद या विरोध प्रदर्शन के दौरान मृत्यु पर प्रतिवादी से पांच लाख रुपये और घायल होने पर एक लाख रुपये के जुर्माना वसूलने का प्रावधान है। लेकिन उत्तराखंड सरकार ने मृत्यु पर आठ लाख और घायल पर दो लाख का जुर्माना वसूलने का कानून बनाया है। धामी सरकार में यह तीसरा सबसे सख्त कानून बनाए जाने का दावा किया जा रहा है। इससे पहले प्रदेश में नकलरोधी कानून लागू किया गया। कानून में आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया। जानकारों के मुताबिक, नकल रोकने के लिए देश में इससे सख्त कानून नहीं है। धामी सरकार ने दूसरा सबसे बड़ा फैसला समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी देने का है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसकी विधानसभा ने यूसीसी विधेयक को मंजूरी दी। सरकार ने दंगाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए एक से अधिक दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) बनेंगे। इसी ट्रिब्यूनल के तहत दंगाइयों और उनके परिजनों, संपत्ति आदि से नुकसान की भरपाई होगी। इसके लिए एडीएम श्रेणी के अधिकारी को दावा आयुक्त को जिम्मेदारी दी जाएगी। दावा अधिकरण में रिटायर्ड जज के अलावा अन्य सदस्य होंगे। ऐसे करेंगे दावा याचिका: निजी संपत्ति: निजी संपति के स्वामी संबंधित थानाध्यक्ष या थाना प्रभारी से ऐसी रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने के बाद नुकसान की भरपाई के लिए याचिका दाखिल करेंगे। लोक संपत्ति: कार्यालयाध्यक्ष संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट, जो घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट पर आधार पर याचिका दाखिल करने के लिए कदम उठाएगा। निजी संपत्ति: किसी व्यक्ति या धार्मिक निकाय, सोसाइटी, न्यास या वक्फ के स्वामित्वधीन या नियंत्रणाधीन कोई चल या अचल संपत्ति। लोक संपत्ति: केंद्र सरकार, राज्य सरकार, कोई स्थानीय प्राधिकरण, कोई निगम, सरकारी संस्था, उपक्रम । ट्रिब्यूनल का गठन: सरकार एक या उससे अधिक संपत्ति के नुकसान के दावों के लिए अधिकरणों (ट्रिब्यूनल) का गठन करेगी। इसे दावा अधिकरण कहा जाएगा। अधिकरण में अध्यक्ष रूप में सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश स्तर का हो। साथ ही अपर आयुक्त की श्रेणी के अधिकारी स्तर के सदस्य हों। ट्रिब्यूनल की शक्तियां: दंगा, फसाद, अशांति आदि की घटनाओं में किसी लोक या निजी संपत्ति के नुकसान का समुचित प्रतिकर का निर्णय करेगा। उचित समझेगा तो जांच भी करा सकेगा। नुकसान का आकलन कराने या अनुसंधान के लिए एक दावा आयुक्त नियुक्त कर सकेगा। प्रत्येक जिले में नियुक्त पैनल से दावा आयुक्त की सहायता करने के लिए एक आकलनकर्ता भी रख सकेगा। दावा आयुक्त तीन माह में अपनी रिपोर्ट दावा अधिकरण को देगा। दावा अधिकरण पक्षकारों की सुनवाई करेगा। अधिकरण को सिविल न्यायालय की सभी शक्तियां होंगी। उसे सिविल न्यायालय के रूप में समझा जाएगा। विरोध प्रदर्शन का आह्वान करने वाला भी प्रतिवादी: जिस विरोध प्रदर्शन या घटना के कारण निजी या लोक संपत्ति को क्षति पहुंची है, उस घटना का आह्वान करने वाला भी प्रतिवादी माना जाएगा। कानून के तहत नुकसान की भरपाई ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों से भी की जा सकेगी जिसने या जिन्होंने ऐसे कार्यों को करने का आह्वान किया या उसे प्रायोजित किया।





# न्यायालय के निर्णय से बंगाली समाज में खुशी की लहर

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बंगाल से आए विस्थापित बंगाली समुदाय के मामले में नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से चार हफ्ते के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। बीती 28 फरवरी को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई अब पूरे मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी । आरटीआई कार्यकर्ता निखिलेश घरामी ने प्रेसवार्ता मे जानकारी देते हुये कहा कि नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दायर की है ,जिसमें उन्होंने इस मामले को चुनौती देते हुए कहा है कि साल 1952, 1964 और 1970 में पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगाल से आए शरणार्थियों को ऊधमसिंह नगर जिले में बसाया गया उन्हें भूमि भी उपलब्ध कराई गई जिन्हें केंद्र सरकार ने नमो शूद्र पौंड, मांझी के बांगाली लोगों को अनुसूचित जाति के दर्जा के साथ प्रमाण पत्र भी जारी किया गया था। इतना ही नहीं तत्कालीन समाज कल्याण विभाग ने इनके बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ भी दे दिया। इसके बावजूद उन्हें अनुसूचित जाति की योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है ,वो कई बार प्रत्यावेदन सक्षम अधिकारियों को दे चुके हैं वही इतना ही नही नैनीताल-उधमसिंह नगर के लोकसभा सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने भी साल 2019 में इस मामले को लोकसभा में उठाया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पाकिस्तान से लाखों लोग भारत आए थे इनमें से कई लोग पूर्वी पाकिस्तान यानी बांग्लादेश से भी आकर बसे थे।इन लोगों को तराई में बसाया गया। बंगाली समाज के इन लोगों को साल 1952-53 में पीलीभीत और नैनीताल के अलावा उधमसिंह नगर जैसे कई जिलों में बसाया गया, सबसे पहले दिनेशपुर फिर शक्तिफार्म, सितारगंज और रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप में उन्हें बसाया गया। इन लोगों को आजीविका चलाने के लिए खेती के लिए जमीन दी गई जबकि, साल 2000 में उत्तराखंड राज्य बनने के बाद बंगाली समाज के छात्रों के प्रमाण पत्र पर विस्थापित पूर्वी पाकिस्तान शब्द लिखा जाने लगा। जिसका बंगाली समाज के लोगों ने विरोध किया प्रमाणों पत्रों से पूर्वी पाकिस्तान शब्द को हटाने के लिए बंगाली समाज के लोगों ने कई बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से मिले कई बार ज्ञापन भी राज्यपाल को भेजा वहीं, तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उनके प्रमाण पत्रों से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाने का भरोसा दिया जिसके बाद पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री बने और उन्होंने अगस्त 2021 में बंगाली समाज के प्रमाण पत्रों से 'पूर्वी पाकिस्तान' शब्द को हटाने के लिए कैबिनेट में मुहर लगाई। इधर नैनीताल न्यायालय द्वारा जारी नोटिस पर बंगाली समाज ने खुशी जाहिर की है और कहा है कि जल्द ही उनको पहले जैसे ही अनुसुचित जाति का दर्जा प्राप्त होगा।



# पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को अब देने होगे तीन लाख रुपये

देहरादून। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। एक ओर जहां उन्हें अब कम पैसा देना होगा तो दूसरी ओर स्टांप ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन फीस में भी राहत होगी। सरकार ने विकासकर्ता के लिए 50 हजार रुपये के वीजीएफ फंड का भी प्रावधान किया है। कैबिनेट में उत्तराखंड आवास नीति संशोधन नियमावली पर मुहर लग गई। पीएम आवास योजना के लिए वर्ष 2016-17 में एक आवास की लागत छह लाख रुपये तय की गई थी। इसमें से केंद्रांश 1.5 लाख रुपये, राज्यांश एक लाख रुपये था, जिसे सरकारें वहन करतीं थीं। बाकी 3.50 लाख रुपये लाभार्थी को वहन करने होते थे। सोमवार को हुई कैबिनेट में आवास नीति संशोधन नियमावली से इसमें बड़ी राहत दी गई। अब आवास की लागत 6.50 लाख रुपये मानी गई है। राज्य सरकार इसमें एक के बजाए 1.50 लाख रुपये देगी। केंद्रांश 1.5 रहेगा। कुल मिलाकर तीन लाख रुपये दोनों सरकार देंगी। 50 हजार रुपये विकासकर्ता को व्यवहार्य अंतर निधि (वीजीएफ) फंड के तहत राज्य सरकार देगी। कुल मिलाकर लाभार्थी को तीन लाख रुपये ही देने होंगे। इसके अलावा, पहले लाभार्थी को 30 हजार की स्टांप ड्यूटी देनी पड़ती थी, जिसे 2016-17 में घटाकर 5000 रुपये किया गया था। सोमवार को आई नीति में इसे घटाकर 1000 रुपये कर दिया गया है। लाभार्थी अभी तक 12 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस देता था, जिसे घटाकर 500 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार, बैंक से लोन कराने की सूरत में लगने वाली करीब 1700 रुपये की स्टांप ड्यूटी को भी सरकार ने माफ कर दिया है।

# शहरी विरासत को संजोए रखने के लिए नगर पंचायत नानकमत्ता को मिलेगा द्वितीय अवार्ड

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक नगरी श्री नानकमत्ता साहिब की शहरी विरासत को संजोएं रखने के लिए उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल ने अपने सर्वे के पश्चात नगर पंचायत



नानकमत्ता को प्रदेश में सिटी हेरिटेज की श्रोणी में द्वितीय स्थान मिलने पर क्षेत्र के साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों में भी उत्साह है। गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल एंव राज्य स्तरिय नगरीय विकास संस्थान ने संयुक्त रूप नगर पंचायत का सर्वे किया था। सर्वे टीम ने पाया कि नगर पंचायत के अन्तर्गत गुरूद्वारा साहिब,बाऊली साहिब , नानकसागर डैम की धार्मिक स्थल के साथ पर्यटन हब है, जिसकी पहचान उत्तर भारत में नही पूरे देश में है। इन धार्मिक व पर्यटन स्थलों की विरासत को नगर पंचायत द्वारा संजोए रखा, इन्ही सब तर्को को ध्यान में रखते हुये सर्वे टीम ने शहर की विरासत को संजोए रखने के लिए अपने सर्वे में सिटी हेरिटेज के रूप में चुना। इसके अलावा टीम ने नगर में नगर पंचायत द्वारा किये गए कार्यो को परखा, टीम के सर्वे के पश्चात नगर निगम देहरादून को प्रथम व नगर पंचायत को द्वितीय स्थान मिला है।

नगर पंचायत को अवार्ड मिला है, राजधानी में आयोंजित में कार्यक्रम में सिटी हेरिटेज में द्वितिय स्थान मिलने पर में स्वयं विमला जोशी व कर्मचारी उमेश राणा व सुमित राणा जिनका इसमें अहम रोल है, अवार्ड लेने के लिए देहरूदन रवाना हो गई हुं। नगर पंचायत पुरी टीम को अवार्ड मिलने की खुशी है। जल्द ही एक और अवार्ड नगर पंचायत को मिलने वाला है।

**-विमला जोशी ,अधिशाशी अधिकारी**

नगर पंचायत को अवार्ड मिलना नगर के लिए सौभाग्य की बात है ,मेरे कार्यकाल में हुए कार्य के लिए ये अवार्ड मिल रहा है मेरे द्वारा नगर में ट्रांचिग ग्राऊण्ड,नगर पंचायत भवन के साथ ही सड़क नाली के विकास कार्य व पर्यटन स्थलों की भव्यता व विरासत को बनाएं रखना एक चुनौती थी। जिस पर हम खरे उतरे है। ये अवार्ड नगर के विकास व शहरी की विरासत को मिला है। जिससें हमें प्रदेश में पहचान मिली है। आगे भी हम नगर के विकास के लिए प्रयासरत है।

**-प्रेम सिंह टुरना ,निर्वतमान चेयरमैन**

# सुल्तानपुर पट्टी में नहीं थम रहा अवैध खनन

## रॉयल्टी व ओवरलोडिंग ना चेक किए जाने से राजस्व को लग रही चपत

बाजपुर/सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। राज्य के सरहदी इलाके सुल्तानपुर पट्टी से लेकर यूपी के रामपुर तक अवैध खनन का गैर कानूनी कारोबार पूरी तरह जड़ जमा चुका है। कोसी नदी में दर्जनों स्थानों पर चल रहे अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए फल स्वरुप खनन माफियाओं के जहां एक ओर हौसले बुलंद है तो वहीं दूसरी ओर गंभीर दुर्घटनाओं का भी खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बता दे की सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में पुलिस तथा राजस्व विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की सांठ गांठ के कारण भारी पैमाने पर अवैध खनन का काम चल रहा है। जेसीबी तथा पोकलैंड मशीनों से खनन पट्टों की आड़ में गैर कानूनी खनन कार्य को यहां पूरी तरह संरक्षण मिल रहा है। सूत्र बताते हैं कि प्रतिदिन सुविधा शुल्क के बूते सैकड़ो खनन भरे डंपर तथा ट्रैक्टर ट्रॉलियां राज्य की सीमा पारकर यूपी में प्रवेश कर रही है। मजे की बात तो यह है कि सर्वाधिक खनन भरे वाहन पट्टी चौकी पुलिस की आंख के सामने से होकर गुजर रहे हैं। सुल्तानपुर पट्टी में चल रहा अवैध खनन का गैरकानूनी खेल किसी भी अधिकारी से छिपा नहीं है बावजूद इसके अवैध राजस्व उप निरीक्षक व पुलिस द्वारा ना तो रॉयल्टी चेक की जा रही है और ना ही ओवरलोडिंग की जांच की जाती है। अवैध खनन के कारण सरकार की राजस्व को प्रति माह लाखों का नुकसान हो रहा है। खनन की गैर कानूनी कार्य में



खनन पर अंकुश लगाने को लेकर अब तक कोई मजबूत रणनीति नहीं तैयार की जा सकी। वैध खनन पट्टों पर भी मजदूरों से कराया जाने वाला खनन मशीनों से किया जा रहा है। लीगल खनन पट्टे यहां सिर्फ नाम के हैं। सर्वाधिक खनन कार्य अनलीगल तरीके से किया जा रहा है। सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस की भूमिका संदिग्ध होने के साथ ही दोराहा चौकी पुलिस के किरदार पर भी लगातार उंगलियां उठ रही है। वहीं पुलिस का ध्यान लगातार खनन भरे वाहनों से अवैध वसूली पर होने के कारण क्षेत्र में नशे का कारोबार तेजी से पांव पसारता जा रहा है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# 32 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान में अल्मोड़ा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। एएनटीएफ, एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने 300 ग्राम स्मैक के साथ शाहजहांपुर, यूपी के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह जिले में अब तक पकड़ी गई स्मैक की सबसे बड़ी खेप है। जिसकी कीमत 32 लाख आंकी गयी है। एएनटीएफ और एसओजी ने लोधिया के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने शक होने पर क्वारब से आ रही यूपी नंबर की बाइक को रुकवाया। चालक मोईन खान , निवासी आमडार, थाना पुवाया, जिला शाहजहांपुर, यूपी की तलाशी ली। उसके



पास 300 ग्राम स्मैक और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू मिला। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि जिले में इतनी बढ़ी मात्रा में स्मैक पकड़े जाने का पहला मामला है। कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह फरीदपुर के एक व्यक्ति से स्मैक खरीदकर लाया। पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचकर युवाओं को ऊंचे दामों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाने की फिराक में था। कहा आरोपी की संपत्ति कुर्क की जाएगी। उन्होंने टीम को पांच हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा विमल प्रसाद, एसओजी प्रभारी सुनील सिह धानिक, एएनटीएफ प्रभारी सौरभ कुमार भारती, धारानौला चौकी प्रभारी दिनेश सिंह, कांस्टेबल राकेश भट्ट ,विरेन्द्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

## श्रमिक से नगदी और सामान लूटने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी निवासी एक श्रमिक ने ठेकेदार और उसके साथियों पर 16 हजार की नगदी और हजारों का सामान लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर में कृष्णा कालोनी निवासी रवि ने कहा है कि ठाकुर नगर निवासी एक ठेकेदार उसे अपने साथ धान लगाने के लिए लेकर गया था। रास्ते में शराब पीकर ठेकेदार और उसके दो साथियों ने उसके साथ मारपीट की और 16 हजार की नगदी एवं बैग में रखा करीब तीस हजार रूपये का सामान छीन लिया। वापस मांगने पर धारदार हथियार से हमले का प्रयास किया। जिसके चलते उसे जान बचाकर भागना पड़ा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तमंचा कारतूस समेत एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को तमंचा और कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गश्ती टीम ने राजकुमार चौहान पुत्र गंगा चौहान निवासी आनंदपुर किच्छा को संदेह होने पर चैक किया तो उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिस पर उसे गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Kamlesh से बदलकर Kamlesh Rani कर लिया है। अब भविष्य में मुझे Kamlesh Rani के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

Kamlesh Rani W/o Breet Kumar निवासी बकैनिया, उधमसिंहनगर,उत्तराखण्ड

# मृतक गुरु किन्नर की संपत्ति को लेकर किन्नर गुटों में तकरार

सितारगंज (उद संवाददाता)। गुरु किन्नर की मृत्यु के बाद उनकी जुटाई गयी चल संपत्ति यानि धरोहर, हलका क्षेत्र को लेकर किन्नरों के दो गुटों में विवाद हो गया जो कोतवाली जा पहुंचा। विवाद के दौरान किन्नरों ने पुलिस के समक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए। पुलिस ने किन्नरों के दोनों गुटों को समझा बुझाकर विवाद को शांत कराया। शहर के वार्ड चार स्थित बुजर्ग चंदा किन्नर का सोमवार को निधन हो गया था। किन्नर के निधन पर पीलीभीत सितारगंज के अलावा विभिन्न



क्षेत्रों से किन्नर समाज के लोग पहुंचे थे। इस दौरान गुरु किन्नर की मृत्यु के बाद उनकी चल संपत्ति, हल्के पर किसका अधिकार होगा? इसे लेकर किन्नरों के दो गुटों में विवाद हो गया। पहले मोहल्ले में दोनों गुटों ने जमकर हंगामा काटा। इसके बाद मामला कोतवाली जा पहुंचा। किन्नरों के दोनों गुटों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए। इस दौरान पीलीभीत के किन्नर ने एक गुट पर गुरु की मृत्य में शिरकत करने आने पर दूसरे गुट पर बदसलूकी का आरोप लगाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरविंदर कुमार, हल्का प्रभारी इंदर सिंह ढैला, हेड कांस्टेबल नरेंद्र यादव ने किन्नरों के दोनों गुटों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सांसद-विधायक रिश्वत कांड पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का युवा वर्ग ने तहेदिल से स्वागत करते हुए करते हुए इस फैसले को लोकतंत्र तथा न्यायपालिका के लिए ऐतिहासिक बताया है। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा ओमैक्स सोसायटी के महासचिव अभिनव छाबड़ा ने कहा कि सर्वोच्चन्यायालय ने अपनी भूल में सुधार करते हुए ये भी सन्देश दिया है कि देशहित में अपनी भूलों को हमे खुद सुधार कर देश को आगे बढ़ाना चाहिए। एडवोकेट अभिनव छाबड़ा ने कहा कुछ सांसदों और विधायकों ने अपने ही कार्यों से लोकतंत्र के सबसे बड़े मन्दिर को कई बार अपवित्र किया है और भारतीय लोकतंत्र की छवि को धूमिल किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा और इससे हम सभी को प्रेरणा मिलेगी। युवा नेता भारत भूषण चुघ, मुनि भुसरी,अंकुर उपाध्याय,शुभम शर्मा, कमल चिलाना,लवी नरूला,पार्थ छाबड़ा,सागर अरोड़ा,अंकुश गुम्बर,सुनील चुघ, सुनील शर्मा, उज्ज्वल गुम्बर तथा वंश गोयल ने भी फैसले को क्रांतिकारी बताते हुए मुक्तकण्ठ से सराहना की है ।

## दोष सिद्ध नहीं होने पर गैंगस्टर के दो आरोपी दोषमुक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।विशेष न्यायाधीश/तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा ने आरोप सिद्ध ना होने पर गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध दो लोगों को दोषमुक्त कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील सुरेंद्र गिरधर ने बताया कि 16 नवम्बर 2016 को एसएचओ चंचल शर्मा ने वार्ड छह खटीमा निवासी परमजीत सिंह उर्फ पम्पी बत्रा और वार्ड छह के ही फईम खां पर आरोप लगाया था कि अपराध समीक्षा कर जब सरकारी वाहन से लौट रहे थे तो उस वक्त दोनों आरोपी अवैध सट्टे का कारोबार संचालित कर रहे थे। पुलिस का यह भी आरोप था कि दोनों आरोपी संगठित होकर सट्टे का गिरोह चलाकर लोगों से अवैध रूप से धन अर्जित करते हैं और उनका समाज में भय व्याप्त है। पुलिस की रिपोर्ट के बाद मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश मीना देऊपा की अदालत में शुरु हुई जिसमें अभियोजन पक्ष के द्वारा 9 गवाह पेश किए जिनसे बचाव पक्ष के वकील सुरेंद्र गिरधर ने जिरह कर आरोपों को निराधार साबित कर दिया। दोनो पक्षों की जिरह सुनने व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद विशेष न्यायाधीश मीना देउपा ने दोनों आरोपियों को गैंगस्टर के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

गदरपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के माध्यम में आम जनता को निष्पक्ष मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त हिदायत दी कि चुनाव के दौरान यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी/कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए जाएंगे तो ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। फ्लैग मार्च मे सभी अधिकारी व थानो का समस्त फोर्स सम्मिलित रहा।





## यूजर चार्ज वसूली के लिए निकाले गए पालिका के टेंडर पर जताई आपत्ति

टनकपुर (उद संवाददाता)।नगर पालिका द्वारा डोर- टू- डोर कूड़ा कलेक्शन एवं यूजर चार्ज वसूली के लिए निकाले गए टेंडर पर कई लोगों ने आपत्ति जताई है। नगर पालिका द्वारा डोर -टू डोर कूड़ा कलेक्शन व यूजर चार्ज वसूली के लिए निकाले गये टेंडर में आपत्ति लगाने वाले समाजसेवी ने बताया कि यह टेंडर में जो शर्तें रखी गई है वह शर्तें व्यक्तिगत किसी एक संस्थान को लाभ पहुंचाने के लिए रखी गई है जो कि कहीं ना कहीं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व नगर पालिका प्रशासन की मिली भगत से किया जा रहा है। आपत्ति देने वालों ने प्रशासन उपजिलाधिकारी टनकपुर,नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नगर पालिका



परिषद टनकपुर व मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय को भी ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने वालों में नरेश सकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख चंपावत राम नक्षत्र सहित कई लोग शामिल हैं। साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेश सकारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि उत्तराखंड से बाहर की किसी फर्म को व्यक्तिगत रूप से लाभ दिए जाने हेतु इसमें शर्तें रखी गई है जिसमें उत्तराखंड का कोई भी व्यक्ति प्रतिभाग नहीं कर पा रहा है जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हमेशा यह उद्देश्य रहा है कि उत्तराखंड के लोगों को उत्तराखंड में रोजगार मिले और उत्तराखंड के लोगों को कहीं ना कहीं रोजगार से जोड़ा जाए लेकिन अगर प्रशासन की इस तरीके से बाहरी फर्म को लाभ देने के लिए शर्तें बनाई जाएगी तो उत्तराखंड के लोगों को कैसे रोजगार मिलेगा यह आखिर एक बड़ा सवाल है।

# बाजार सर्वेक्षण और बिजनस कम्युनिकेशन पर आयोजित हुआ सत्र

किच्छा( उद संवाददाता) ।राजकीय महाविद्यालय किच्छा में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत बारह दिन का उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिविर के सातवें दिन की रिसोर्स पर्सन सूरजमल अग्रवाल पी जी कॉलेज की गृहविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संगीता कुमारी ने विद्यार्थियों को व्यवसाय में बाजार सर्वेक्षण के विभिन्न पहलुओं तथा गृहविज्ञान विषय में उद्यमिता की अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उद्यमिता का क्षेत्र नए उद्यमियों से व्यापक तैयारी की मांग करता है। नए व्यवसाय शुरू करने के लिए स्थान के चयन, सरकारी प्रक्रियाओं, भूमि भवन, विनिर्माण प्रक्रिया के साथ बाजार सर्वेक्षण किया जाना बेहद जरुरी है। किसी उत्पाद या सेवा के लिए मौजूदा या संभावित बाजारों के बारे में डेटा का का व्यवस्थित संग्रह, रिकार्डिंग, विश्लेषण और व्याख्या करनी होती है। उन्होंने कहा कि गृहविज्ञान में डिग्री लेकर भोजन और स्वास्थ्य संबंधी ब्लॉग की शुरुवात भी की जा सकती है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने शिविर में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थियों से शिविर का





फीडबैक प्राप्त किए। प्रतिभागियों से फीडबैक लेने के बाद कहा कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम उत्तराखंड के युवाओं के आर्थिक और व्यक्तित्व विकास में योगदान देने वाला महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है। विद्यार्थी अपने अनुभव वीडियो और लेख के माध्यम से कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को सौप दें। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका में विद्यार्थियों के उद्यमिता संबंधी अनुभव प्रकाशित किये जायेंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ० प्रकाश चंद भट्ट ने क्रिटिकल थिंकिंग, इनोवेशन एंड बिजनस कम्युनिकेशन पर कहा की उद्यमिता आर्थिक क्रिया होते हुए भी दरअसल संचार और संवाद की क्रिया है। इसमें मौखिक, सांकेतिक, सामूहिक संचार एवं जनसंचार की जरुरत पड़ती है। संवाद के औपचारिक और अनौपचारिक रूपों को सीखना होता है। शोर या बाधा संचार को बाधित करती है। बिना आलोचनात्मक दृष्टि के संवाद आर्थिक सामाजिक लाभ नहीं दिला सकता। कार्यक्रम में डॉ नरेश कुमार, डॉ उमराव, लवली पाण्डेय सहित प्रतिभागी 45 प्रतिभागी उपस्थित रहे।




# लोकसभा चुनाव में 95 लाख से अधिक खर्च नहीं कर पायेंगे प्रत्याशी

## प्रचार-प्रसार वाहनों व रैलियों की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रचार-प्रसार हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली सामाग्री दरों के निर्धारण हेतु अपर जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी का निर्वाचन व्यय आयोग द्वारा 95 लाख निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रत्याशी द्वारा अपना व्यय रजिस्टर बनाया जायेगा साथ ही नामांकन से पूर्व प्रत्याशी को नया बैंक खाता खोलना होगा। प्रत्याशी द्वारा सभी प्रचार माध्यमों से किये जाने वाले व्यय को निर्धारित सामाग्री व्यय दरों के अनुसार ही लेखा में अंकन करना होगा। उन्होने बताया कि इन्ही निर्धारित दरों के आधार पर व्यय लेखा टीम द्वारा भी व्यय अंकन किया जायेगा। उन्होने बताया प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन के दौरान तीन वार व्यय प्रेक्षक के समक्ष अनिवार्य रूप से लेखा रजिस्टर परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को यह भी बताया कि निर्वाचन के दौरान दस हजार तक ही कैश के रूप खर्च किया जा सकेगा व दस हजार से अधिक का व्यय चौक या ऑनलाईन द्वारा किया जायेगा साथ ही फर्म या व्यक्ति से भी दस हजार से ज्यादा कैश लिया भी नही जा सकेगा। उन्होने कहा कि प्रिंटिगं प्रेस में प्रचार सामाग्री छापने हेतु प्रत्याशी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा लिखित आर्डर अनिवार्य रूप से प्रिंटिगं प्रेस देना होगा। उन्होने कहा कि प्रत्याशियों द्वारा छपवाये जाने वाले प्रचार-प्रसार सामाग्री के मुख पर प्रिटिंग लाइन के साथ ही प्रचार सामाग्री की संख्या अवश्य लिखी होनी चाहिए। उन्होने कहा कि प्रचार-प्रसार वाहनों व रैलियों की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी। उन्होने कहा कि प्रचार सामाग्री का परिवहन करने हेतु सभी प्रकार की स्वीकृति भी अनिवार्य होगी। बैठक में नोडल व्यय/मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, उप निदेशक खनन अमित गौरव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, सहायक अभियन्ता लोनिवि सहित सांसद प्रतिनिधि भाजपा योगेश वर्मा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला कार्यालय मंत्री गजेन्द्र प्रजापति, महामंत्री महानगर कांग्रेस सुनील आर्या, लोकसभा प्रभारी बीएसपी चन्द्रकेश्वर राव आदि उपस्थित थे।



# सदन में पंतनगर की आवाज उठाने पर बेहड़ का जताया आभार

## जनता संवाद में उठा पंतनगर धरने पर बैठे कर्मचारियों का मुद्दा

किच्छा (उद संवाददाता)। पन्तनगर से आये पन्तनगर परियोजना कर्मचारियों ने विधायक कार्यालय में आकर विधायक बेहड़ का विधानसभा सदन में पंतनगर कर्मियों की आवाज उठाये जाने पर उनका मालायें पहनाकर स्वागत किया व आभार जताया। विधायक बेहड़ ने विधानसभा सदन में नियम 58 के तहत पंतनगर विश्विद्यालय के उद्धार हेतु वैज्ञानिकों की टीम बनाए जाने, पंतनगर विश्विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिल पाने तथा उनको दैनिक वेतन 500 रूपये प्रतिदिन दिए जाने की मांग की जिस पर सरकार ने 15 दिन के भीतर हि वेतन बढ़ाये जाने का आश्वाशन दिया। सेवानिवृत कर्मचारियों का सेवानिवृत की परियोजना कर्मचारियों को पेंशन, टर्मिनेट,लीव व ग्रेज्युटी का लाभ नहीं मिल पाने और कर्मचारियों के चल रहे धरने पर, पंतनगर यूनिवर्सिटी की हालत जर्जर है तथा इंटर कालेज की जर्जर हो चुकी बिल्डिंग के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सड़कों की हालत भी जर्जर है आदि मामले उठाये थे। जिस कारण सभी कर्मचारी एकत्रत होकर उनके कार्यालय में आये। इस दौरान बेहड़ ने सभी पधारे कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे आगे भी पंतनगर की लड़ाई सदन में लड़ते रहेंगे और पंतनगर से जुड़े मुद्दे उठाते रहेंगे। इस दौरान जनार्दन सिंह,संतोष कुमार,एदी मिश्रा,महेंद्र शर्मा,आर के श्रीवास्तव, सुनील चौधरी,महेश पाल सतीश पाल आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ जनता संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों की तादात में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। जिसमें प्रमुख रूप से आर्थिक सहायता, बिजली,राशन कार्ड,सड़क निर्माण के अलावा शिक्षा व चिकित्सा जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्याओं के समाधान की अपील की। श्री बेहड़ द्वारा उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए अधिकारयों से फोन पर वार्ता कि व् जल्द ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। श्री बेहड़ ने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई से मुकेश जोशी,अनूप कुमार,मुस्कान बी, प्रीती, विशाल, तरुण राजोरिया आदि ने आदर्श महाविद्यालय किच्छा में एमए-कला संख्या,वाणिज्य संख्या तथा लाइब्रेरी की उचित व्यवस्था के निम्न लिखित विषयों को बढ़ाने हेतु आग्रह किया,सुरेन्द्र कुमार बखपुर निवासी,ममता देवी अंजनिया निवासी ने आर्थिक सहायता दिलाने,सिरौलीकला निवासी मोहम्मद ताहिर ने निर्माणधीन सिरौली दरऊ रोड मार्ग पर कार्य की गुणवत्ता बढाने, कैलाश प्रसाद निवासी राघवनगर ने बिजली के बिल की समस्या तथा ध्रुव यादव ग्राम राघवनगर निवासी ने सफेद राशन कार्ड बनाये जाने की मांग की।




# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 186 लोगों ने कराया पंजीकरण

सितारगंज (उद संवाददाता) भारत विकास परिषद के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के विशेष सहयोग से महाराजा अग्रसेन नेत्र चिकित्सालय में जिला अंधता निवारण समिति की तरफ कुशल नेत्र सर्जन डॉ प्रवीण श्रीवास्तव,डॉ अजय सिंह दृष्टी मितीज्ञ, मदन मोहन कन्नौजिया,अंशिका ने मरीजों का सफल नेत्र परिक्षण किया। सचिव अमित गोयल ने बताया की मरीजों का जन समूह सुबह से ही कैंप का लाभ लेने आया हुआ है।अभी तक 186 लोगो का पंजीकरण हो गया है।डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया की ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है। जिसे काला मोतिया भी कहा जाता है। इस बीमारी से आँख का पर्दा खराब हो जाता है। कैंप के माध्यम से ऑपरेशन के मरीजों का कल ऑपरेशन किया जाएगा। मोटे अनाज और प्रतिदिन योगा से इस बीमारी को कम किया जा सकता है।डॉ टुरना सर्जिकल अस्पताल के लेब माइक्रो बायोलीजिस्ट मुनेंद्र श्रीवास्तव ने निशुल्क पैथोलॉजी से सम्बंधित सभी जांचो का सहयोग दिया।शिविर में ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश सिंघल, भाविप के अध्यक्ष सुरेश जैन, कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, वरिष्ठ उद्योगपति शिवकुमार मित्तल,भाविप के सचिव अमित मित्तल, संरक्षक पवन बड़सीवाल, प्रांतीय मीडिया प्रभारी महेश मित्तल, कोषाध्यक्ष मनीष मित्तल,राकेश त्यागी,शिवपाल चौहान,संजय जैन,दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# सतकार्य नहीं, अशुभ कार्यों को कल पर टालो: श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मान प्राप्ति को लक्ष्य कभी नहीं बनाना चाहिए वरना कितना भी सम्मान प्राप्त होने के बावजूद थोड़े से कहीं से ना मिला तो भी क्षुब्ध ही रहेंगे। किसी से मित्रता करनी हो तो सोच विचार कर करनी चाहिए। किसी के अपराध करने पर उसे शीघ्र दंड नहीं देना चाहिए बहुत सोच समझ कर ही देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले का अपना ही नुकसान होता है। यदि दूसरा हमें नुकसान पहुंचाए तो हम बचाव की स्थिति अपनाएं आक्रमक दृष्टि ना होने दें। क्षमा कायरों का नहीं अपितु वीरों का आभूषण है। मानव पर जगत व जगतपति दोनों का अधिकार है । लेकिन मानव का इन पर अधिकार मानना अज्ञानता है। अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने कहा कि जगत की चिंता करे जगतपति। जगत को सुधारने की चिंता यदि हम करें तो जगत सुधरेगा या नहीं पर हम जरूर बिगड़ जाएंगे। समाज सुधारक नहीं समाज सेवक बनने का प्रयास करें। मानव जीवन की ही महिमा है कि वह अपने लिए, समाज के लिए व परमात्मा के लिए उपयोगी हो सकता है। त्याग पूर्वक शांत होकर अपने लिए उदारता पूर्वक सेवा करके समाज के लिए व आत्मीयता पूर्वक प्रेम करके परमात्मा के लिए उपयोगी होता है। शांत उदारवाद प्रेमी भक्त हो जाना यह मानव जीवन की ही महिमा है। उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे। ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व हरिबोल की धुन में सभी भक्तजन झूम झूम कर नाचने लगे।



# प्रभु नेत्रालय का बाजपुर में निशुल्क जांच शिविर 14 मार्च को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉक्टर लाईन स्थित प्रतिष्ठित प्रभु नेत्रालय द्वारा वरिष्ठ जनों के लिए आगामी 14 मार्च को दिन बृहस्पतिवार प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक यूथ क्लब बाजपुर के साथ संयुक्त रूप से यूथ हॉस्पिटल, शुगर फैक्ट्री, गेस्ट हाउस रोड़ बाजपुर में 31वां आंखों का नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रभु नेत्रालय के निदेशक मनीष पाल सिंह ने बताया कि शिविर में नेत्र जांच के पश्चात चयनित मोतिया बिंद व नाखूना के बुजुर्ग रोगियों के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अत्याधुनिक फेको विधि द्वारा बिना टांके, बिना चीरा व बिना दर्द के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. अंकित गुप्ता द्वारा किए जायेंगे। यूथ क्लब द्वारा आपरेशन वाले मरीजों को रूद्रपुर लाने व छोड़ने, खाना, दवाएं, काला चश्मा तथा ठहरने की सुविधा नि:शुल्क दी जाएगी। शिविर को सफल बनाने के लिए यूथ क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष गजानंद मित्तल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयल सहित मनोज गुप्ता, चंद्र प्रकाश मित्तल, ब्रह्मानंद गर्ग, संजीव बंसल, मनीष गर्ग, हरीश गर्ग, पवन गोयल, संजीव जिंदल आदि तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रभु नेत्रालय के निदेशक मनीष पाल सिंह व यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ जनों से आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# रुद्रपुर की जनता का सपना कल होगा साकार: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि रुद्रपुर के नजूल भूमि पर निवासरत हजारों गरीब परिवारों का सपना अब साकार होने जा रहा है। 50 वर्गमीटर से नीचे के 2600 परिवारों की फाइल प्रकिया तैयार हो गयी हैं जिसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं 6 मार्च को गांधी पार्क में उनको उनके आशियाने का स्वामित्व पत्र पट्टा सौपने आ रहे हैं। जिसको लेकर एक बड़े कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। सभी 2600 परिवारों को घर घर जाकर निमंत्रण पत्र भेजकर उनको गांधी पार्क आने हेतु आमंत्रण भी भेजे जा रहे हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा नजूल पर मालिकाना हक रुद्रपुर आ सबसे बड़ा मुद्दा हैं जिसको लेकर पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ वादों की खोखली राजनीति की ओर धरातल पर जनता को निराशा ही हाथ आयी। 2022 के विधानसभा चुनाव में उनको प्रत्याशी बनाया गया तो उनके 12 बिंदुओं के चुनावी संकल्प पत्र जिसमें उन्होंने कहा था कि विधायक बनने के बाद वह अपने वादे को निभायेंगे और उनके वादों पर 2022 में जनता ने मुहर लगाकर उनको विधानसभा भेजा और 25 मार्च को सदन में उन्होंने सबसे पहले नजूल भूमि पर मालिकाना हक के मुद्दे को सदन में रखा। नजूल नीति जो वर्ष 2021 में आई थी उसमें तकनीकी जटिलता इतनी थी कि उस नीति में एक भी व्यक्ति को मालिकाना हक नही मिला जिसके बाद उन्होंने उसके संशोधन से सम्बंधित तीन



पेज का ड्राफ्ट सचिव को दिया और 16 मई को मुख्यमंत्री द्वारा कैबिनेट में लाकर उस नजूल नीति के संशोधन को पास कर पॉलसी जारी कर दी जिसके बाद से जिला शासन स्तर पर पहले चरण में 2600 लोगो को उनके भूमि का मालिकाना हक मिलने जा रहा है। यह रुद्रपुर के लिए बहुत बड़ा दिन होने वाला है। पहले चरण में इंदिरा बंगाली कालोनी, रम्पुरा, भदईपुरा, दूधिया नगर, पहाड़ गंज, के लोगो को मुख्यमंत्री उनका स्वामित्व पत्र सोपेंगे जिसमे बाद से उनकी वह भूमि हर प्रकार से उपयुक्त हो जाएगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा मेरे लिये यह भावुक पल हैं कि जनता से किये वादे को पूरा करने के लिये यहां से लेकर देहरादून तक जो हर सम्भव प्रयास किया। मुख्य मंत्री धामी के मार्गदर्शन में यह कार्य पूर्ण होने जा रहा है और इसके बाद चरणबद्ध रूप से पूरे रुद्रपुर क्षेत्र में नजूल भूमि का मालिकाना हक देने का कार्य किया जायेगा जिसमें दस हजार परिवार को लाभान्वित होंने की संभावना है। यह धामी सरकार की कार्यशैली हैं जो बिना एक रुपया खर्च किये 50वर्ग मीटर से नीचे के लोगो को निशुल्क मालिकाना देने का कार्य कर रही है, हमने जो कहा वो किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा महज दो वर्ष से कम के कार्यकाल में हम ये बहुत बड़ा काम करने जा रहे है। चुनाव में मिले जनता के आशीर्वाद का कर्ज उतराने का समय मुझे मिला है यह सौभाग्य की बात हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रुद्रपुर क्षेत्र से विशेष लगाव है और एक के बाद एक बड़े बड़े कार्यो को हम धरातल पर उतरने का कार्य कर रहे है। इस दौरान पत्रकार वार्ता में दर्जामंत्री उत्तम दत्ता,प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला महामंत्री अमित नारंग, विनय बत्रा, धीरेंद्र मिश्रा , भाजपा नेता सुरेश कोली,मडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, राधेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर पंकज का किया स्वागत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मेडिकल एवं केमिस्ट व्यापारियों की टीम द्वारा केमिस्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य पंकज कंसल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में महत्वपूर्ण दायित्व देने पर केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।संगठन के पूर्व अध्यक्ष नीरज कांडपाल ने कहा कि कंसल को उत्तराखंड के सबसे बड़े व्यापारी संगठन में जिले के महत्पूर्ण पद पर बैठाने से संगठन की ताकत में इजाफा होगा और व्यापारी को पंकज कंसल के अनुभव का लाभ मिलेगा। पंकज कंसल द्वारा कहा गया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसको वह पूरी लगन और मेहनत के



साथ निभाने का प्रयत्न करेंगे। स्वागत करने वालों में नीरज कांडपाल ,आलोक मित्तल, संजय त्यागी, राशि जैन, अर्शद समद, अहतेशाम,पंकज फुलारा बलविंदर सिंह,प्रकाश कंसल, तनिष्क त्यागी, ऋतिक तिवारी, अवदेश तिवाड़ी, नंदाबल्लभ,पवन बिस्ट,कमल जोशी, धर्मेंद्र जोशी,योगेश जोशी,कमल रूवाली, भुवन सती मनोज जोशी, व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल सहित मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शक्ति मैराथन दौड़ में ललिता प्रथम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार से राष्ट्रीय शक्ति मैराथन दौड का आयोजन किया गया। मैराथन दौड में पुलिस, युवा कल्याण, होमगार्ड, स्कूली बच्चों एवं महिला कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढाने के लिए मैराथन दौड का आयोजन कर अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित किया। महिला मैराथन दौड खेडा चौराहा गौलापार से प्रारम्भ होकर अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में सम्पन्न हुई। मैराथन दौड का शुभारम्भ सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्धि ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड में प्रतिभागियों एवं जनता को लोकतंत्र मतदान की भागीदारी करने व वोटरों को कर्तव्य और जिम्मेदारी के बारे में बताया गया। जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा




लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। कार्यक्रम में सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। मैराथन दौड़ में प्रथम, ललिता परगांई, द्वितीय बीना नेगी तथा तृतीय स्थान पर चन्द्रकला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रथम 10 स्थानों पर आने वाली प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कल्पना बोरा, भावना मेहरा,अलका जीना, जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की, आरती बिष्ट, मंजू बिष्ट,हेमा,अंजली काण्डपाल, नीमा बोरा, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी केएन काण्डपाल,स्वीक के प्रदीप उपाध्याय सहित तमाम लोगउपस्थित थे।

## अजय भट्ट को पुनः प्रत्याशी बनाने पर मिष्ठान वितरित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम महेशपुर में केंद्रीय रक्षा पर्यटन राज्यमंत्री व सांसद अजय भट्ट को नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से पुनः प्रत्याशी बनाये जाने पर विधायक शिव अरोरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा पार्टी के अनेकों दायित्व का निर्वहन करने वाले सभी कार्यकर्ताओं के प्रिय और पांच साल नैनीताल लोकसभा में सांसद के रूप में लगातार विकास कार्यो को



धरातल पर लाने वाले अजय भट्ट को पुनः टिकट मिलना बहुत हर्ष की बात हैं। विधायक ने कहा सदैव कार्यकर्ताओं से लेकर जनता की चिंता करने वाले अजय भट्ट को लेकर जनता में खासा उत्साह हैं और हमको पूर्ण विश्वास है पहले से भी बड़े अंतर से हम नैनीताल लोकसभा को जीतेंगे ओर रुद्रपुर में भी पहले से बड़े अंतर से लोकसभा में जीत दर्ज कर पुनः अजय भट्ट को लोकसभा में जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, जगदीश विश्वास, प्रीत ग्रोवर राजेश बजाज, राजीव शुक्ला, आयुष चिलाना, वेद प्रकाश , अशोक मुंजाल, प्रमोद बजाज, राकेश मुंजाल, अशोक विश्वास, सुशील बजाज, पवन विश्वास व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ठेकेदार पर श्रमिक से नगदी और सामान लूटने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी निवासी एक श्रमिक ने ठेकेदार और उसके साथियों पर 16 हजार की नगदी और हजारों का सामान लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर में कृष्णा कालोनी निवासी रवि ने कहा है कि ठाकुर नगर निवासी एक ठेकेदार उसे अपने साथ धान लगाने के लिए लेकर गया था। रास्ते में शराब पीकर ठेकेदार और उसके दो साथियों ने उसके साथ मारपीट की और 16 हजार की नगदी एवं बैग में रखा करीब तीस हजार रूपये का सामान छीन लिया। वापस मांगने पर धारदार हथियार से हमले का प्रयास किया। जिसके चलते उसे जान बचाकर भागना पड़ा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायक से मिला लघु व्यापारियों का शिष्टमंडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापार एसोसिएशन के एक शिष्ट मंडल ने गाँधी पार्क से हटाई गयी ठेली बालो को बैन्डिग जोन बनने में अधिक समय लगने के कारण तब तक के लिए पुराने स्थान पर ही कोराबार करने के सम्बन्ध में विधायक शिव अरोरा से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।



जिलाध्यक्ष गुलशन नारंग तथा महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सरस मेला के उपरान्त हॅटाये गये ठेली वालो को नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा अम्बेडकर पार्क एवं धीर पार्क में अस्थाई रूप से कारोबार करने के लिये स्थान दिया गया। नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यह आसवासन दिया गया, कि 20-25 दिन मे सिंचाई विभाग एवं विद्युत विभाग के बीच नाले पर बैन्डिग जोन बनाकर शीघ्र ठेली फड़ व्यसाईयों को व्यवस्थित कर दिया जायेगा। लगभग 2 महीना होने जा रहे है, बैन्डिंग जोन में अभी समय लगेगा। अम्बेडकर पार्क एंव धीर पार्क चारो ओर से बन्द होने के कारण ग्राहक नही पहुँच पा रहा है। जिससे ठेली फड व्यावसाईयों को 2 टाइम की रोटी के लिए जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिव रात्री, होली जैसे त्योहार सामने है। ठेली वाला ऐसे में क्या त्योहार मनायेगा या अपने बच्चो को पालेगा, परिवार की रोजी रोटी को देखते हुये जब तक बन रहा वैन्डिग जोन पूर्ण रूप से नहीं बन जाता तब तक के लिए पुराने स्थान गॉधी पार्क के समीप ही कारोबार करने की अनुमति दी जाये। जिससे अपना कारोबार करके अपने बच्चों के लिए टाइम की रोजी रोटी और त्योहार मना सके। उन्होने कहा कि जिस जगह पर बैन्डिग जोन बन रहा उसमे पक्की दुकानें बनाई जा रही है। उन्हें डर है, कि ऐसा न हो की जो ठेली फड़ वाले नगर निगम मैं पंजीकृत है, वह बैन्डिग जोन से वंचित न रह जाएं और उस बैन्डिग जोन का फायदा अन्य व्यापारियों को मिल जाये। यह ठेली फड़ व्यवसाईयों के साथ अन्याय होगा और आठ बैन्डिग जोन की जगह भी चिन्हित है। शीघ्र से शीघ्र उन स्थानो पर भी बैन्डिग जोन स्थापित किये जाये। जिससे बाजार क्षेत्र के लघु ठेली फड व्यवसाइयों को व्यवस्थित किया जा सके। उन्होंने विधायक अरोरा से आग्रह किया कि ठेली फड लघु व्यवसाईयों को हो रही समस्याओं का समाधान करने की कृपा करें। श्री अरोरा ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वेंडिंग जोन में गांधी पार्क से हटाए गए ठेली व्यवसाइयों को प्राथमिकता से स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।किसी भी अफवाह पर ध्यान बिलकुल न दें। मिलने वालों में सुभाष गुप्ता, सूरज कश्यप, महेन्द्र अरोरा, आकाश पाल, प्रहलाद सिंह, सुभाष अग्रवाल, सुजीत मंडल, सुरेन्द्र, विक्की माली, विशेष गुप्ता, सुभाष रस्तोगी, राम गोपाल रस्तोगी, सत्यप्रकाश, नन्हे सागर, राजपाल, ओमकार, अशोक रस्तोगी, महेंद्र अरोरा, गौतम रस्तोगी, कन्हैयालाल, कपिल, श्याम किशोर, चंदन बिष्ट, करन बिष्ट, राजेश गोस्वामी, सुबोध गुप्ता, सोनू रस्तोगी, राज कोली, नरेश कश्यप व सतीश रस्तोगी आदि शामिल थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भ्रष्टचार पर कड़ा प्रहार

भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने और उसके सफाए के लिए जंग का एलान करने वालों को खुद भ्रष्टाचार करने का एक तरह से खुली छूट मिली हुई थी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर कोई भी सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछता या किसी पार्टी के पक्ष में मतदान करता है, तो उस पर भ्रष्टाचार का मामला बनता है। भ्रष्टाचार का मामला उस पर उसी समय बन जाता है, जब वह रिश्वत लेता है। दरअसल, अभी तक ऐसा करने वाले विधायक और सांसद ऐसे आरोपों में कानूनी कार्रवाई से इसलिए बच कर निकल जाते रहे हैं कि संविधान के अनुच्छेद 105/194 में कहा गया है कि जनप्रतिनिधियों के सदन में कही गई किसी बात या किए गए किसी आचरण के खिलाफ अदालत में कार्रवाई नहीं हो सकती। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यह अनुच्छेद पूरे सदन की सुरक्षा के मकसद से बनाया गया है, न कि किसी एक जनप्रतिनिधि की सुरक्षा के लिए। मामला दरअसल झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक नेता से जुड़ा हुआ था, जिस पर आरोप था कि 2012 में उसने रिश्वत लेकर राज्यसभा चुनाव में दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस मामले में नरसिम्हा राव बनाम भारत सरकार के मामले में आए फैसले की नजीर देते हुए आरोपी को बरी करने की गुहार लगाई गई थी। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उस पुराने फैसले को भी अमान्य करार दे दिया। नरसिम्हा राव मामले में कुछ सांसदों पर आरोप लगा था कि उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान के रिश्वत लेकर सत्तापक्ष के लिए मतदान किया। यह आरोप सीबीआइ जांच में सिद्ध भी हो गया था, मगर अदालत ने उसमें इसी तर्क से हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था कि सदन की कार्यवाही के दौरान सांसदों को सांविधानिक सुरक्षा प्राप्त होती है। मगर सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले से एक नई नजीर बनी है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह दलबदल कानून के भीतर से गली निकाल कर सरकारें गिराने और विधायकों के दूसरे दल की सरकार में शामिल हो जाने की घटनाएं बढ़ी हैं, रिश्वत लेकर राज्यसभा चुनाव में दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के मामले बढ़े हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला ऐतिहासिक माना जाएगा। अभी उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में जिस तरह लाइन लांघ कर दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का मामला आया, उसमें भी विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लग रहे हैं। संबंधित विधायकों के दलों ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तो की है, मगर इससे लोकतांत्रिक मूल्यों की शुचिता का भरोसा पैदा नहीं होता। सांसद और विधायक आम लोगों के प्रतिनिधि होते हैं और जब वे रिश्वत लेकर सवाल पूछते या किसी दूसरे दल के समर्थन में उतर आते हैं, तो उससे वे सारे मतदाता छले जाते हैं, जिन्होंने बहुमत देकर उन्हें सदन में भेजा होता है। महाराष्ट्र, गोवा, बिहार और इससे पहले कर्नाटक, मध्यप्रदेश में चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया गया और वहां अल्पमत दलों की सरकारें बन गईं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहरी चोट पहुंची। सर्वोच्च अदालत ने भी कुछ मौकों पर इस प्रवृत्ति को घातक बताया था। अब ताजा फैसले से उम्मीद बनी है कि किसी भी प्रकार की रिश्वत लेकर अगर चुने हुए प्रतिनिधि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन करते हैं, तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो सकेगी। इससे शायद उनका मनोबल भी कुछ गिरेगा।

## ऐब्स्ट्रैक्ट पेंटिंग कलाकार संगीता कुमार ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में ऐब्स्ट्रैक्ट पेंटिंग कलाकार श्रीमती संगीता कुमार ने शिष्टाचार भेंट कर वसंतोत्सव-2024 में आर्ट एवं फोटो प्रदर्शनी में प्रदर्शित अपनी पेंटिंग भेंट की। संगीता ने बताया कि वह अपनी कला के माध्यम से ध्यान और चक्रों को एक अलग तरीके से चित्रित करती हैं और अपने चित्रों के माध्यम से हमारे आस-पास की सकारात्मक और सकारात्मक ऊर्जा को अपने विचारों के माध्यम से पेंटिंग में संग्रहीत करने का प्रयास करती हैं। राज्यपाल ने श्रीमती संगीता कुमार की पेंटिंग स्वीकार करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## भाजपा के पक्ष में खुलकर मतदान करेगा मुस्लिम समाज: कासमी

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार को उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी रामनगर पहुंचे जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में देश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की जनता का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को लेकर उत्साहित है तथा सरकार के विकास कार्यों को लेकर विपक्षी पार्टियों में हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार मुस्लिम समाज के लोग भी भाजपा के पक्ष में खुलकर मतदान करेंगे। इस बार 400 पार का नारा जनता ने दिया है और जनता का



यह नारा पूरा होने जा रहा है। उन्होंने उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर भी भाजपा के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत का दावा किया। उन्होंने हल्द्वानी वनभूलपुरा कांड पर चिंता जताते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा इस प्रकार की घटना की गई जो की निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार और अधिकारियों ने सराहनीय कार्य किया है तथा सरकार द्वारा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य किये जा रहे हैं। मदरसो में भी शिक्षा का स्तर बेहतर किया गया है। अब मदरसो मे भी एनसीईआरटी के तहत शिक्षा ग्रहण कराई जा रही है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है विपक्ष सिर्फ जनता को बहकाने में लगा है लेकिन अब देश और प्रदेश की जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

## बेटी की देखभाल के लिए महिला पुलिसकर्मी को दें 45 दिन का अवकाश

### हाईकोर्ट के उत्तरकाशी एसपी को दिए निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने बच्ची की अकेली अभिभावक महिला पुलिसकर्मी को उसकी बेटी की देखभाल के लिए तीन दिन के भीतर 45 दिन का अवकाश देने के निर्देश उत्तरकाशी के एसपी को दिए हैं। न्यायाधीश पंकज पुरोहित की एकलपीठ में उत्तरकाशी में स्थानीय खुफिया इकाई में हेड कांस्टेबल मनीषा नेगी की याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें कहा गया है कि वह अपनी 5 वर्षीय बेटी का पालन-पोषण एकल माता-पिता के रूप में कर रही है। बेटी अपनी सत्तर वर्षीय नानी के साथ रहती है। कहा कि 21 फरवरी को उसने चाइल्डकेयर लीव के लिए आवेदन किया था। इसमें उसने बताया कि बेटी मनोवैज्ञानिक समस्या से पीड़ित है। ऐसे में उसके लिए बेटी की देखभाल जरूरी है लेकिन एसपी ने उसके आवेदन को आगामी संसदीय चुनाव को देखते हुए मंजूर नहीं किया। हाईकोर्ट ने कहा कि वह इस तथ्य से अवगत है कि सीसीएल कर्मचारी का अधिकार नहीं है, बल्कि सरकारी कर्मचारी की नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक और निपटान के अधीन है। चूंकि याचिकाकर्ता की बेटी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए इस न्यायालय की राय है कि याचिकाकर्ता अपनी बेटी की देखभाल के लिए 45 दिन की सीसीएल की हकदार है। आदालत ने एसपी को निर्देश दिए हैं कि महिला हेड कांस्टेबल को तीन दिन के अंदर यह अवकाश दिया जाए।

## ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे हरक सिंह रावत, पत्नी से की पूछताछ

देहरादून। पाखरो रिजर्व फॉरेस्ट में टाइगर सफारी घोटाला मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत पर ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। मामले में सोमवार को ईडी ने उनकी पत्नी दीप्ति रावत से घंटों पूछताछ की। हरक सिंह रावत को भी ईडी कार्यालय पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है हरक सिंह रावत ने लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण ईडी से एक माह का समय मांगा है। बता दें कि पाखरो रिजर्व फॉरेस्ट में टाइगर सफारी घोटाले मामले में हरक सिंह रावत ईडी के रडार पर हैं। बीते दिनों ईडी ईडी ने हरक सिंह रावत के अलग-अलग 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसके बाद नोटिस देकर उन्हें पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर में तलब किया था। सोमवार को हरक सिंह रावत की पत्नी दीप्ति रावत करीब 11 बजे देहरादून क्रॉस रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचीं। पेश हरक सिंह रावत को होना था, लेकिन बताया जा रहा है कि रावत ने लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण एक माह का समय मांगा है। इसकी पुष्टि उनके पूर्व जन संपर्क अधिकारी रहे विजय चौहान ने भी की है। पूर्व पीआरओ ने बताया कि हरक सिंह रावत लोकसभा चुनाव में राजनैतिक मीटिंग के चलते दिल्ली में हैं और इसी वजह से उन्होंने ईडी से एक माह का समय मांगा है। उन्होंने बताया कि हरक सिंह रावत और उनकी पत्नी दीप्ति रावत ने ईडी की जांच में पूरा सहयोग करने की बात कही है। बुध वार को हरक सिंह रावत की पुत्रबधू अनुकृति गुसाईं ईडी कार्यालय में पेश होंगी।

## देहरादून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए छह मार्च से शुरू होगी फ्लाइट

देहरादून। राजधानी से देश के तीन प्रमुख शहरों अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए सीधी हवाई सेवा को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। तीनों सेवाओं का छह मार्च को शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीनों सेवाओं की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट किया है। उद्घाटन दिवस पर देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सुबह 9:40 बजे उड़ान भरेगा। पूर्वाह्न 11:30 बजे अयोध्या पहुंचेगा। उसी दिन अयोध्या से दोपहर 12:15 बजे उड़ान भरकर दोपहर 01:55 बजे देहरादून पहुंचेगा। देहरादून-अमृतसर हवाई सेवा का विमान 12 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा और दोपहर 01:10 बजे देहरादून पहुंचेगा। इसी प्रकार देहरादून से दोपहर 1:35 बजे अमृतसर के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर 2:45 बजे अमृतसर पहुंचेगा। वाराणसी के लिए वाया पंतनगर हवाई सेवा भी छह मार्च से शुरू हो रही है। यात्री विमान सुबह 9:50 बजे देहरादून से पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और 10:35 बजे पंतनगर पहुंचेगा। इसी प्रकार पंतनगर से 11:15 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरेगा और दोपहर एक बजे वाराणसी में उतरेगा। वाराणसी से विमान दोपहर 1:40 बजे पंतनगर के लिए उड़ान भरेगा और अपराह्न 3:25 बजे पंतनगर पहुंचेगा। पंतनगर से विमान अपराह्न 3:50 बजे उड़ान भरेगा और शाम 4:35 बजे देहरादून पहुंचेगा। मुख्यमंत्री धामी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध करने के साथ ही पत्र भी लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा, देवभूमि से अयोध्या हवाई सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को अयोध्या की यात्रा में सुविधा होगी। इसी प्रकार, देवभूमि की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## 31 पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सरकारी नौकरी के लिए चयन

देहरादून। प्रदेश के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों की सरकारी नौकरी की मुराद पूरी हो गयी है। जो कि धामी सरकार का एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक निर्णय है। पदक विजेता खिलाड़ियों को छह विभागों में ग्रेड वेतनमान 2000 हजार रुपये से लेकर ग्रेड वेतनमान 5400 तक की नौकरी में 31 खिलाड़ियों का अंतिम चयन के लिए प्रमाण पत्रों की सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।बता दें कि उत्तराखंड में खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उनके सुरक्षित भविष्य को लेकर पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए धामी सरकार ने सीधे नौकरी की व्यवस्था की है। जिसके तहत खेल निदेशालय के द्वारा खेल नीति-2021 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखण्ड में राजपत्रित, अराजपत्रित पदों पर आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने के लिए विज्ञप्ति द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके अन्तर्गत 156 पदों के सापेक्ष कुल 120 आवेदन पत्र खेल निदेशालय को प्राप्त हुए थे।स्क्रीनिंग समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार संगत शासनादेशों के आलोक में प्राप्त समस्त 120 आवेदन पत्रों में कुल 31 आवेदकों को आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान करने के लिए सिफारिश की गई है। जो कि चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की कार्यवाही जारी है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आउट ऑफ टर्न जॉब के लिए चयनित सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। खेल मंत्री ने इसे उत्तराखंड सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का खेल और खिलाड़ियों के प्रति एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा की धामी सरकार प्रदेश में लगातार खेल को बढ़ावा देने व खिलाड़ियो के प्रोत्साहन के लिए काम कर रही है।



## बनभूलपुरा हिंसा में शामिल तीन और उपद्रवियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। मामले में अब तक 92 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस की धरपकड़ जारी है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच के बाद पुलिस हिंसा भड़काने वाले और प्रकरण में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर रही है। रविवार देर रात हिंसा मामले में पुलिस ने आजादनगर बनभूलपुरा निवासी जहीर, उत्तर उजाला क्षेत्र निवासी मो. शाकिर और लाइन नंबर 18 निवासी दानिश खान को गिरफ्तार किया है। सोमवार सुबह पुलिस ने तीनों आरोपियों का बेस अस्पताल में मेडिकल कराया। इसके बाद सत्र न्यायालय में पेश कर कोर्ट के आदेश पर तीनों को जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी जहीर अब्दुल मलिक का चालक है। वहीं दूसरी तरफ हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद से कई परिवार अपना घर छोड़कर जा चुके हैं। पुलिस ऐसे परिवार के सदस्यों को ढूंढ रही है जो उपद्रव फैलाने में शामिल थे। पुलिस ने करीब आधा दर्जन महिलाओं को चिह्नित कर पहचान शुरू कर दी है। हिंसा के बाद से फरार कुछ आरोपियों की लोकेशन बरेली और उसके आसपास के जिलों में मिली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा में महिलाओं को भी फोर्स पर पत्थर बरसाते देखा गया था। पुलिस ने मामले में अब तक पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक करीब आधा दर्जन महिलाओं को चिह्नित कर उनकी पहचान की कार्रवाई तेज कर दी है। सर्विलांस टीम वीडियो रिकॉर्डिंग से पुष्टि में जुटी है। वहीं पुख्ता सबूत जुटाने के बाद पुलिस गिरफ्तारी शुरू करेगी। पुलिस उपद्रव में शामिल ऐसे लोगों की पहचान कर रही है जो घर छोड़कर भाग गए हैं। पुलिस इन्हें पकड़ने के लिए जल्द बाहरी जिलों का रुख कर सकती है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। उपद्रवियों को चिह्नित किया जा रहा है।

## यूपीसीएल ने दो साल के लिए 400 मेगावाट बिजली की मांग का प्रस्ताव केंद्र को भेजा

देहरादून। प्रदेश में अप्रैल माह से बिजली संकट बढ़ने की आशंका है। केंद्र की विशेष सहायता की मियाद 31 मार्च को खत्म होने जा रही है। अब यूपीसीएल ने दो साल के लिए 400 मेगावाट बिजली की मांग का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। क्राइसिस मैनेजमेंट के लिए यूपीसीएल ने गैस आधारित बिजली के अलावा एनर्जी एक्सचेंज से भी तीन माह के लिए 100 मेगावाट बिजली खरीदी है।दरअसल, केंद्र ने पिछले साल मार्च में 350 मेगावाट बिजली राज्य को दी थी, जो वर्तमान में 150 मेगावाट ही मिल रही है। 31 मार्च को यह भी मिलनी बंद हो जाएगी, जबकि अप्रैल, मई और जून माह में प्रदेश में बिजली की मांग अपने चरम पर होती है। ऐसे में केंद्र से और मदद न मिलने की सूरत में भारी बिजली किल्लत में और कटौती हो सकती है। यूपीसीएल ने दो साल के लिए गैस का इंतजाम किया है, जिससे जरूरत के हिसाब से 300 मेगावाट बिजली मिल सकती है। इसी प्रकार एनर्जी एक्सचेंज से 100 मेगावाट बिजली खरीदी है जो 15 मार्च से आगामी तीन माह तक उपलब्ध होगी। इसके बावजूद भीषण बिजली संकट से बचने के लिए निगम ने केंद्रीय कोटे या विशेष कोटे से 400 मेगावाट बिजली दो साल के लिए मांगी है। अगर ये बिजली नहीं मिली तो आने वाला समय काफी मुश्किल हो सकता है। फिलहाल यूपीसीएल को दो दिन बारिश की वजह से कुछ राहत मिली है। एक ओर जहां बिजली की मांग 4.1 करोड़ यूनिट से घटकर 3.4 करोड़ यूनिट तक आ गई है, तो दूसरी ओर बिजली की उपलब्धता भी 2.7 करोड़ यूनिट से बढ़कर 3.4 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई है। आने वाले समय में बिजली की उपलब्धता कम होगी और मांग में बेतहाशा इजाफा होगा। इसकी वजह से परेशानी बढ़ना लाजिमी है। यूपीसीएल ने हरियाणा पावर परचेज सेंटर से लगातार तीन महीने तक बिजली खरीदी थी। दिसंबर में 40, जनवरी में 90 और फरवरी में 40 मेगावाट बिजली ली गई थी, जो अब जुलाई से सितंबर तक 105 प्रतिशत बिजली लौटानी है। इससे भी यूपीसीएल पर लोड बढ़ना तय है।

# पुलिस फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर एसपी सिटी प्रकाश चंद के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, रामनगर, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, कालाढूंगी द्वारा पुलिस फोर्स व आईटीबीपी के अधिकारी



कर्मचारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को निष्पक्ष मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर असामाजिक व अराजक तत्वों को सख्त हिदायत दी कि चुनाव के दौरान यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी/कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास किए जाएंगे तो ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर से कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# तहसील दिवस में सुनी समस्याएं

सितारगंज( उद संवाददाता ) ।तहसील दिवस में विभिन्न विभागों के अफसरों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी एसडीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों से त्वरित समस्याओं का समाधान कराया। इस दौरान बिजली कनेक्शन, सड़क, नाली, पानी और प्रमाण पत्र निर्गत करने के आवेदन पंजीकृत किए गए। महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया एसडीम रविंद्र कुमार



की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों ने तहसील दिवस के अवसर पर स्टॉल लगाए थे। जिनमें राजस्व विभाग, सिंचाई विभा,ग जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग आदि मौजूद रहे। इस दौरान करीब 15 फरियादियों की समस्याएं पंजीकृत की गई। एसडीम रविंद्र कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवेदको की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार पूजा शर्मा, नायब तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# चोरी की योजना बनाते तीन गिरफ्तार

शक्तिफार्म ( उद संवाददाता)। आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों की गिरफ्तारी लिए चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चाकू और आलानकब बरामद किया गया है। चैकिंग के दौरान उपनिरीक्षक जगदीश चन्द्र तिवारी ने पुलिस टीम के साथ शक्तिफार्म इन्क्लेव के पास से सूरज शील उर्फ छोटू पुत्र स्व0 बबलू शील निवासी सुरेन्द्रनगर न0-05 ,टोनी मण्डल पुत्र स्व० खगेन मण्डल निवासी



सुरेन्द्रनगर न0-05 ,उज्जवल दास पुत्र अरविन्द दास निवासी टैगोरनगर न0-04 शक्तिफार्म को अवैध चाकूओं व आलानकब साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि नशे के आदी होने के कारण वह छोटी-मोटी चोरियां करते हैं। अभियुक्तों के विरूद्ध कोतवाली सितारगंज में पूर्व में भी अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चन्द्र के अलावा, अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा,हेड कांस्टेबल कुन्दन सिंह, कांस्टेबल भारत भूषण शामिल थे।

# बागेश्वर के झूला पुल की जांच के लिए पहुंची विशेषज्ञों की टीम

बागेश्वर( उद संवाददाता)। सरयू नदी में बने झूला पुल के एक साल से अधिक समय से पुल के कमजोर और जर्जर हालत में होने की सूचना से भविष्य में कोई हादसा ना हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पैदल पुल को आवागमन के लिए बंद कर दिया गया था।वही पुल बंद होने के बाद स्थानीय व्यापारियों और लोगों में पुल को आवागमन के लिए बंद करने को लेकर नाराजगी थी।वही पुल को तकनीकी विशेषज्ञों की तकनीकी जांच के बाद ही खोलने ओर पुल की मरम्मत कार्य के बाद खोलने के निर्णय के बाद जांच टीम पुल निरीक्षण को पहुँची।जिसके बाद दिल्ली से सेफ्टी ऑडिट की टीम बागेश्वर पहुंच गई है। टीम ने सोमवार को प्रशासन, और लोनिवि अधिकारियों के साथ पुल का निरीक्षण किया। अब टीम द्वारा जांच कर अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने के बाद सुरक्षा मानकों में पुल के खरा उतरने के बाद ही पुल के खुलने पर निर्णय होगा।वही नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी सहित गणमान्य लोगों ने जिला प्रशासन से पुल को आवागमन के लिए खोले जाने की अपील की है।

# सांसद अजय टम्टा को पुन: टिकट मिलने पर भाजपाइयों ने जताई खुशी

बागेश्वर( उद संवाददाता) ।आगामी लोकसभा चुनाव में अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा ने लगातार क्षेत्र से सांसद रहे सांसद अजय टम्टा पर तीसरी बार पुन: भरोसा जताया है।वही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी है।वही भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण के नेतृत्व में सांसद अजय टम्टा को पुन: प्रत्यासी बनाए जाने पर खुशी जताते हुए मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।और राज्य की



पांचों लोकसभा सीटों पर अप्रत्याशित मतों से जीत होने का भरोसा जताया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने अब की बार चार सौ के पार, मोदी है तो संभव है,का नारा बुलंद कर जिले से पुन: भाजपा को एकतरफा जीत दिलाने का विश्वास दिलाया। वही नैनीताल लोकसभा चुनाव संकल्प पत्र के प्रदेश सहसंयोजक और भाजपा को जिले में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा को प्रत्येक बूथ को मजबूत करने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार को अप्रत्याशित मतों से विजयी बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर घर प्रचार प्रसार में जुड़ने की अपील की।इस दौरान जिपं अध्यक्ष बसंती देव, ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू,मथुरा प्रसाद, दयाल कांडपाल, नगर अध्यक्ष रमेश तिवारी, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल,मीडिया प्रभारी प्रकाश साह सहितअन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मतदाताओं को किया जागरूक

गरुड़( उद संवाददाता)। आगामी लोक सभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर स्वीप की टीम ने दूरस्थ गांव लखनी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर ग्रामीणों को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मताधिकार की जानकारी देते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। स्वीप



के सहायक नोडल अधिकारी उमेश जोशी के नेतृत्व में दूरस्थ गांव लखनी में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान टीम ने जन जन की यही पुकार, शत-प्रतिशत मतदान इस बार आदि स्लोगन लिखे नारों से लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को प्रपत्र बांटकर जानकारी दी गई। पपेट शो के माध्यम से जागरूक किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इस दौरान डीएल वर्मा, सुरेश खोलिया, पुष्कर अल्मिया, मोहन भरड़ा, सुनील भट्ट,गोपाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**अमृतसर के लिए ट्रेन का..**करते हुए अभिनंदन किया गया। श्री भट्ट भाजपा हाई कमान द्वारा नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर आज पहली बार यहां पहुंचे थे। श्री भट्ट को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता में भी काफी खुशी की लहर है। श्री भट्ट ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनके लिए बड़ी गर्व की बात है कि भाजपा हाई कमान द्वारा उन पर विश्वास जताते हुए पुन इस लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है इसके लिए वह पार्टी के आभारी है। इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में भारत और उत्तराखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है। श्री मोदी द्वारा कराया जा रहे विकास कार्यों से पूरे भारतवर्ष में भाजपा के प्रति माहौल है। विकास कार्यो के दम पर भाजपा चुनाव में उतरी है और इस बार 400 के पार को भाजपा साकार करके दिखाएंगी। श्री भट्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ ही विधायक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उस पर सवार होकर रूद्रपुर के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट, रूद्रपुर विधायक शिव आरोरा, भारत भूषण चुघ, मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, जगदीश पंत, दीपक बहुगुणा, दिनेश खुल्बे, अभिषेक शर्मा, नारायण बिष्ट, प्रेमनाथ पंडित, सुरेंद्र लोटनी, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार सेतिया, आशीष भाटिया, संजीव शर्मा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता सहित रेलवे के एडीआरएम राजीव अग्रवाल, सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा और लालकुआं वासी मौजूद रहे।

**ये होगा ट्रेन का रूट..**लालकुआँ- अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को लालकुआं से तथा अमृतसर से चलाई जाएगी। मंगलवार को लालकुआँ से 13. 40 बजे प्रस्थान कर रूद्रपुर सिटी से 14.18 बजे, मुरादाबाद से 16.15 बजे, सहारनपुर से 20.30 बजे, अम्बाला से 22.10 बजे, लुधियाना से 23.56 बजे तथा दूसरे दिन जलन्धर सिटी से 00.55 बजे छूटकर अमृतसर 02.20 बजे पहुँचेगी। वापसी में 15016 अमृतसर-लालकुआँ एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को अमृतसर से 05.55 बजे प्रस्थान कर जलन्धर सिटी से 07.07 बजे, लुधियाना से 08.12 बजे, अम्बाला से 10.05 बजे, सहारनपुर से 11.25 बजे, मुरादाबाद से 15.00 बजे तथा रूद्रपुर सिटी से 16.50 बजे छूटकर लालकुआँ 17.35 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये गए है।

**लड्डू तो आपने भी...**राजनेताओं ने लड्डू बांट दिए और ढोल बजा लिए पर इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की, यह तनिक अतिशयोक्तिपूर्ण-सा प्रतीत होता है। काश कि उन्हें 26 सितंबर 2021का वह लम्हा स्मरण होता, जब उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा नई नजूल नीति की घोषणा किए जाने पर बतौर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेस एवं तमाम स्थानीय भाजपा नेताओं की उपस्थिति में यह कहा था कि नई नजूल नीति सभी के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। मजे की बात तो यह है कि उस समय बतौर भाजपा जिला अध्यक्ष उन्होंने बाकायदा लड्डू भी बांटे थे और उनके समर्थकों ने नई नजूल नीति घोषित होने की खुशी में ढोल भी बजाए थे । इसलिए बेहतर होता की रुद्रपुर विधायक नजूल भूमि पर मालिकाना हक प्राप्ति के संघर्ष में अन्य व्यक्तियों के सह अस्तित्व को खुले मन से स्वीकार करते तथा इस लड़ाई में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों को साधुवाद देते। कहने की जरूरत नहीं कि ऐसा करने से स्थानीय भाजपा नेताओं और जनता की नजरों में उनका कद निश्चित रूप से और भी बढ़ता। बहरहाल, नजूल नीति के हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की मुकदमे बाजी के पचड़े में फंसकर अब तक अधर में लटके रहने के अलावा, इसके धरातल पर फलीभूत ना हो पाने की मुख्य वजह मोटे तौर पर यह दिखाई देती है कि अब से पहले सरकारों द्वारा नजूल नीति की परिकल्पना तो की गई ,लेकिन इसकी जटिलताओं एवं व्यवहारिक अड़चनों को दूर करने की ईमानदार कोशिश नहीं की गई। मगर धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल में नजूल भूमि पर बसे गरीब- गुरबा को मालिकाना हक प्रदान करने की दिशा में ईमानदार एवं प्रतिबद्ध प्रयास हुए तथा रुद्रपुर में जिलाधिकारी उदय राज जैसे अनुभवी नौकरशाह द्वारा पात्र व्यक्तियों के चयन -प्रक्रिया का सरलीकरण कर, इस मुहिम को लक्ष्य तक पहुंचाने में जैसी दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाई गई। इसमें आ रही जटिलताओं का विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री श्री धामी से सरलीकरण करवा कर गरीब लोगों को मलिकाना हक दिए जाने के लिए प्रयास करते रहे। उसके परिणाम कल शहर के गांधी पार्क में आकार लेते नजर आएंगे।

**किच्छा में दर्जनों लोग..**ओपन हार्ट सर्जरी के लिए भी संपूर्ण व्यवस्थाएं करवा दी हैं। अब कुमाऊँ मंडल के मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 का लक्ष्य पर करवाया जाएगा। यह जनता की आवाज है, उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भारत ही एक ऐसा देश है जिसकी अर्थव्यवस्था नहीं लड़खड़ाई जबकि बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था लखड़ा गयी। भारत विश्व के आर्थिक पटल पर पांचवें नंबर का देश बनकर उभरा है। इस दौरान भाजपा का दामन थामने वालों जितेंदर सिंह,रामजीत सिंह गौरेया, चरनजीत,जशान सिंह,लालित लाई सिंह,जसविन्दर सिंह, करन सिंह, बलजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, जतिन सिंह, जसप्रीत सिंह, विशाल कुमार,गुरलाव सिंह, डा०गुरदेव सिंह, हरमीत सिंह, सिमरजीत सिंह,, हरमन सिंह, सिमरात सिहं,नवजोत मह,मनजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, अतीक सलमानी , मो० अब्दुल,शरीज अहम,जुम्मा खां,असून अंसारी, रफीक खां, सुहेल खान,मासीन खां,कफील सिद्दीकी,बगार अंसारी, मुजम्मिल खा, उसमान मास्टर,फुन्द्र सैफी,गुरपेग खान आदि शामिल थे ।जबकि स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राजीव सक्सेना, विवेक सक्सेना,लवी सहगल,अक्षय अरोड़ा, हरीश खानवानी, विपिन जल्होत्रा, सुजात यार खान, धर्मराज जायसवाल,अमित नारंग, सतीश गोयल, नवजोत सिंह, उदयवीर सिंह, प्रमोद गंगवार, गीता देवी, ममता देवी आदि शामिल थे।

**न्याय के लिए..**से निष्पक्ष जांच का अनुरोध कर रहा है लेकिन अभी तक कमेटी के निर्दोष सदस्यों को न्याय नहीं मिला है। इस मामले में पुलिस की कार्यशैली से सिख समाज क भावनाएं आहत हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने हा कि पुलिस प्रशासन ने इस मामले में न्यायपूर्ण रवैया नहीं अपनाया तो सिख समाज पुलिस के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस सम्बंध में प्रदर्शनकारियों ने जिलाअधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाकर सिख समुदाय को न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन और सभा में प्रीतम सिंह संधू, गुरसेवक सिंह, हरजीत सिंह, जगजीत सिंह, जनक सिंह, सुखविंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, जगदीप सिंह, सतनाम सिंह, सूरत सिंह, मंजीत सिंह, चिरमल सिंह, कुलदीप सिंह, चरन जीत सिंह, दिलबाग सिंह, महल सिंह, गुरमीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, नसीब सिंह, संता सिंह, सुरजीत सिंह, अवतार सिंह, जसविंदर सिंह, पलविंदर सिंह, इकबाल सिंह, कुलविंदर सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजीत सिंह, प्रताप सिंह, निर्मल सिंह, जगदीश सिंह, सुखबीर सिंह समेत सैकड़ों लोग थे।

**बीस हजार का...**गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि अभियुक्त महेश पुत्र लाल चंद फरार चल रहा था। न्यायालय से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट के बाद महेश की गिरफ्तारी पर 20 हजार का ईनाम घोषित किया गया। ईनामी अभियुक्त महेश की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम एसओजी और थाना पंतनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने फरार आरोपी महेश को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन दिल्ली के बाहर फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शातिर एवं चालाक किस्म का अपराधी है उसने उत्तर प्रदेश , उत्तराखण्ड के साथ ही नेपाल में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। खुलासा करने के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ पंतनगर तपेश कुमार चंद्र भी शामिल थे। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में पंतनगर एसओ राजेन्द्र सिंह डांगी, उपनिरीक्षक प्रदीप कोहली, उपनिरीक्षक प्रकाश राम विश्वकर्मा, कांस्टेबल पंकज पोखरियाल एवं पंकज बिनवाल शामिल रहे।

**कांवरियों के लिए..**उन्होंने कहा कि उत्पातियों के विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है। ज्ञापन देने वालों में समाज सेवी संजय ठुकराल, राजवीर सिंह विर्क ,त्रिलोचन सिंह, पूर्व सभासद गोविंद राय, गणेश सरकार, ललित बिष्ट ,गिरधारी लाल गंगवार, राजू भुसरी, ललित कुमार, सोनू कुमार,रोहित सागर ,संजीव दिवाकर,बब्लू सैनी,प्रदीप कुमार,बंटी कोली,विशाल मेहर,जॉमी चंडा ,विक्की आहूजा, बंटी राजोरिया, हैप्पी चौहान, विपिन राजपूत ,विशाल सिंह, सुदांश , चेतन जोहरी, पवन राठौर, जगदीश पुजारी, अभय आदि लोग शामिल थे।

**कालोनी में भ्रूण..**इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों से जानकारी ली। इसके बाद पुलिस भ्रूण को कब्जे में लिया और मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिस जगह भ्रूण मिला, पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

**चोरा ने उड़ाया..**के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त था। अज्ञात चोर अल्मारी में रखे सोने के कुण्डल, सोने की अंगूठी, सोने की चूड़ी के अलावा सैमसंग कम्पनी की वाशिंग माशीन, रिवर कम्पनी की सिलाई मशीन, कपडे, 5 कम्बल, 24 जोड़ी शाखा और करीब 80,000 रूपये चोरी कर ले गये। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राष्ट्रीय जु-जित्सू के पदक विजताओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर की ओर से मंगलवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला में भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विशिष्ठ अथिति श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला सभा रूद्रपुर के अध्यक्ष चेतन धीर, मैनेजर शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, हिमा भट्ट ने संयुक्त रूप से सभी पदक विजेता जु जित्सू खिलाडियों को माल्यार्पण कर, बुके, प्रशस्ति पत्र देकर एवं पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत भूषण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है। साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इसलिए इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सम्मान मिलने के बाद सफलता का सफर समाप्त नहीं होना चाहिए। बल्कि दोगुना उत्साह से आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो खिलाडी असफल होते हैं उन्हें भी मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। लगातार प्रयास से सफलता की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। विशिष्ठ अतिथि चेतन धीर ने कहा कि यदि खिलाड़ियों को मंच दिया जाए तो उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सकता है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि विगत दिनों खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान एवं जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सौजन्य से मल्टीपरपस हाल, परेड ग्राउंड, देहरादून, उत्तराखंड में अंडर 21, एडल्ट्स, मास्टर्स व पैरा नेशनल जुजित्सू चैम्पियनशिप में उत्तराखंड राज्य टीम का प्रतिनिधत्व करते हुए जनपद ऊधम सिंह नगर के 18 जुख्रजित्सू खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक व 10 कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उक्त प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारत से 25 राज्यों के लगभग 1100 खिलाड़ियों व 100 से भी ज्यादा रैफरी व ऑफिशियल्स ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तराखंड राज्य की टीम से लगभग 70 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर के 18 खिलाड़ियों ने जु-जित्सू मार्शल आर्ट्स खेल के विभिन्न इवेंट्स ने वाजा, जुजित्सू फाइटिंग, कांटेक्ट, डूओ शो एंड क्लासिक की विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभाग करते हुए 6 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 10 कांस्य पदक सहित कुल 22 पदक जीते। जिसमें जय प्रकाश ने दो स्वर्ण, व हर्षिता सिंह, कंचन बसेरा, शिवानी, कौशल्या ने एकख्र एक स्वर्ण पदक, लोरी ने दो रजत पदक, प्रिया विश्वास, आकृति कौर, हैप्पी सिंह, कंचन बसेरा ने एक एक रजत पदक तथा कताक्षा कौर और अभिषेक राजपूत ने दो दो कांस्य पदक , रुनू शर्मा, बलविंदर सिंह, क्षितिज सिंह, मनीष अरोरा, प्रिया विश्वास, हैप्पी सिंह ने एक एक कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा श्रीमती रसिका सिद्दीकी, महासचिव रेंशी विनय जोशी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सेंसेई सतीश जोशी, जिला जु-जित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के पदाधिकारी वाइस प्रेसिडेंट जॉनी हिराम तिग्गा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उत्तरांचल ओलंपिक के महासचिव डी.के सिंह, सुरेश चंद्र पांडेय, डीएसओ गिरीश कुमार, विजेंद्र चौधरी, कमल सक्सेना, सतनाम चावला, ए.जे. बटसर, रघु रावत, राज कोली, शिव कुमार, अमित गौड़, सन्नी पासवान, गोविंद परिहार, पूर्व प्राचार्य डी.डी जोशी, विजय गिरधर, चेतन धीर, नीतीश कुमार, मनोज कुमार सिंह, कैनेथ लाल, शोभा तिग्गा, शंकर बसेरा, गंगा मेहरा, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कृष्ण आनंद, यतेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार साना, कमल सिंह, जय प्रकाश, अजय शर्मा, सुधीश राय सहित अनेकों अभिभावक गण एवं अन्य खेल पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# पवित्र गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं कांवड़िए



काशीपुर( उद संवाददाता)। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर गंतव्य की और कूंच करने वाले कांवड़ियों का रेला यहां लगातार बढ़ता जा रहा है। कांवड़ियों के हर हर बम बम के गगन भेदी उद्घोष से एक बार फिर से समूचे इलाका भक्तिमय हो उठा है। कुंडा आईटीआई व काशीपुर क्षेत्र में समाज सेवा एवं धर्म कर्म से जुड़े लोगों ने कांवड़ियों की सेवा के लिए मार्ग में बेहतर इंतजाम किए। कांवड़ियों के खान पान उनके ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है। मार्ग में दर्जनों स्थानों पर चाय नाश्ता फल फ्रूट हलुवा पानी कढ़ी चावल राजमा चावल पूरी सब्जी दाल चावल की भंडारे चलाए जा रहे हैं। कुंडा चौराहा बैल जोड़ी मोड गंगे बाबा रोड आदि तमाम स्थानों पर कांवड़ियों की बेहतर व्यवस्था को लेकर सर्व समाज के लोगों की एक जुटता मिशाल बन चुकी है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को लेकर शिवालियों में तैयारी जोर-जोर से जारी है। काशीपुर में मोटेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष हजारों की तादाद में शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगा जल्लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। महाशिवरात्रि के लगभग सप्ताह भर पूर्व से ही कांवरियों का आवागमन तेज हो जाता है। इसके अलावा प्रदेश ही नहीं वरुण संपूर्ण देश के तमाम शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना तथा जलाभिषेक करने को लेकर तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है।

# कांवरियों के लिए लगाया भंडारा

गदरपुर( उद संवाददाता)। हरिद्वार से पावन गंगा जल लेकर दूर दराज क्षेत्र के आये हुए कावरियों के लिए वार्ड नंबर 11 वासियों ने युवा मां सेवा शक्ति समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया है। डॉक्टर सोनू विश्वास ने बताया कि दूर दराज क्षेत्र से जो कवारिये आते हैं। उनके लिए रास्ते में कहीं भी भंडारे की व्यवस्था नहीं होती। उनके सेवा के लिए वार्ड नंबर 11 वासियों द्वारा विगत कई बरसों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें महक चौधरी, विकास चौधरी, गौरव श्रीवास्तव, अन्नु श्रीवास्तव, कपिल सक्सेना, जितेश मेलकानी, दीपक मेलकनी, अन्नु चौधरी, आकाश, दिवाकर आदि भक्तों द्वारा सेवा की जा रही है।





# सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर संस्थान को मिला टॉप 10 में सम्मान

शक्फिार्म (उद संवाददाता)।क्षेत्र के सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर संस्था को मुंबई में आयोजित डिजिटल इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च फॉर प्रोफेशनल के डायरेक्टर अमजद साठे व भारत पे फाउंडर अशनीर ग्रोवर द्वारा इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवार्ड शो 2024 में संस्था संचालक मनोज सरकार को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। संस्था को 2023 में मोटिवेशनअल स्पीकर डॉ विवेक बिंद्रा के द्वारा भी अवार्ड दिया गया इसके अतिरिक्त संस्था को 2020 में आईटी नेशनल चैंपियनशिप, आईटी बुहान अवार्ड एवं बेस्ट सेंटर गोल्ड अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। संस्था की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



# रेडक्रास सोसायटी ने लगाया शिविर

काशीपुर।भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा ढेला नदी पार बैलजूडी तिराहे के समीप चार दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 7 मार्च तक चलने वाले रेडक्रास शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों के निर्देशन में चिकित्सकों तथा रेडक्रास सदस्यों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। वहीं शिविर के दूसरे दिन 1 बजे तक लगभग 400से अधिक कांवड यात्रियों को दवाएं वितरित की गई। उपचार किया जा चुका है।


